आकेली की रपट से बांडी नदी में डूबे व्यक्ति का शव बरामद

पाली, (नि.सं.)। एसडीआरएफ टीम ने पुलिस थाना सदर जिला पाली के अन्तर्गत आकेली गांव की रपट से बांडी नदी में डूबे 35 वर्षीय व्यक्ति के शव को बरामद कर लिया।

गुरुवार को पुलिस कन्ट्रोल रूम जिला पाली से पुलिस थाना सदर के अन्तर्गत आकेली गांव के समीप बांडी नदी में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना राजस्थान कन्ट्रोल रूम जयपुर को मिलने पर एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम द्वारा कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार एसडीआरएफ कम्पनी जोधपुर की रिजर्व पुलिस लाईन पाली में तैनात रेस्क्यू टीम एफ-08 के प्रभारी कानि. गणपत को घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए।

रेस्क्यू टीम प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ सायं घटनास्थल पर पहुंचे। टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि जिले में भारी बरसात के कारण बांडी नदी उफान पर है। पुलिस थाना सदर पाली के अन्तर्गत ग्राम आकेली के समीप नदी की रपट पर एक व्यक्ति स्नान करने के दौरान डूब गया था, व्यक्ति के शव की तलाश हेतू स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, किन्तु नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण अभी तक सफलता प्राप्त नहीं हुई है। बांडी नदी अपने पूरे वेग से बह रही है एवं नदी की गहराई 10 से 20 फीट है। एसडीआरएफ राजस्थान कमाण्डेन्ट ने टीम कमाण्डर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम ने मोटर बोट को तेज गति से चलाकर नदी के पानी को हिलाया। लाइन एवं जिक जैक सर्च तकनीक से नदी में गोता लगाकर व्यक्ति के शव को तलाश किया। रेस्क्यू टीम ने बांडी नदी में डूबे मानाराम पुत्र रूपाराम निवासी ग्राम आकोला थाना सदर पाली के शव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया।

बावरली के तालाब में डूबे युवक का शव निकाला

जोधपुर, (नि.सं.)। आज दिनांक 08.08.2024 को सायं 05:35 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम जिला जोधपुर ग्रामीण से पुलिस थाना बालेसर के अन्तर्गत ग्राम बावरली के तालाब में एक युवक के डूबने की सूचना की सूचना एसडीआरएफ राजस्थान कन्ट्रोल रूम जयपुर को मिलने पर एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम द्वारा कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2024 में आपदा राहत एवं बचाव हेतु एसडीआरएफ एफ कम्पनी जोधपुर मुख्यालय पर रेस्क्यू टीम एफ-9 के प्रभारी हैड कानि. भागीरथ राम को अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवानागी के निर्देश दिए।

रेस्क्यू टीम प्रभारी 09 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ सांय 07:20 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि पुलिस थाना बालेसर जिला जोधपुर ग्रामीण के अन्तर्गत ग्राम बावरली में दोपहर के समय स्नान करने के दौरान एक युवक डूब गया था।

उक्त युवक के षव की तलाष हेतु स्थानीय प्रषासन एवं ग्रामीणों के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है, किन्तु अभी तक सफलता नहीं मिल पायी है। बांध की लम्बाई 300 मीटर, चौडाई 100 मीटर तथा गहराई लगभग 20 फीट है। एसडीआरएफ राजस्थान कमाण्डेन्ट ने टीम कमाण्डर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों श्याम लाल, सुशील कुमार, रामकुमार, दिनेश, जितेन्द्र, जितेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र तथा घमूराम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम के जवानों ने टीम कमाण्डर के निदेश पर तालाब में गोता लगाकर जिक जैक तथा लाईन सर्च तकनीक से सर्च ऑपरेषन षुरू किया। उसके बाद बांस तथा लाईफ बॉय की सहायता से गहन सर्च ऑपरेशन चलाया। अथक परिश्रम तथा कडी मेहनत से अल्प समय में टीम को 07:45 बजे सफलता प्राप्त हुई।

रेस्क्यू टीम ने तालाब में डूबे श्यामाराम पुत्र बेनाराम जाट उम्र 32 वर्श निवासी गांव लुणावपुरा पोस्ट बावरली थाना बालेसर जिला जोधपुर ग्रामीण के षव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया।

सुमेरपुर में 6 एम.एम. बारिश हुई

पाली, (निसं)। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सुमेरपुर उपखंड क्षेत्र में सर्वाधिक 6 एमएम तथा मारवाड़ जंक्शन एवं रायपुर में न्यूनतम एक-एक एमएम वर्षा दर्ज की गई।

जल संसाधन विभाग के नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में प्रातः 8:30 बजे तक सुमेरपुर उपखंड क्षेत्र में सर्वाधिक 6 एमएम बारिश दर्ज की गई।

इसी प्रकार बाली में दो एमएम, मारवाड़ जंक्शन में एक एमएम, रायपुर में एक एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं जवाई बांध का गेज 21.55 फीट तक पहुंच गया।

सड़क हादसे में एक की मौत, लोगों में आक्रोश

आहोर, (निसं)। आहोर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 325 उम्मेदपुर बस स्टैंड पर एक अधेड़ की सड़क हादसे में मौत के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

जानकारी के अनुसार आज सुबह गणेशाराम मीणा दूध लेने के लिए जा रहा था तब किसी वाहन ने उसको चपेट में ले लिया। हादसे में मीणा की मौत हो गई वहीं वाहन मौके से फरार मिला। मीणा की मौत के बाद उम्मेदपुर, मालपुरा व आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार हितेष त्रिवेदी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 325 उम्मेदपुर बस स्टैंड पर डिवाइडर नहीं होने से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। यहां पर तीन बडे हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने डिवाइडर व स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग की है। कांग्रेस नेता पीरसिंह मालपुरा, रमेश कुमार बेदाना, हीराराम मीणा, मांगीलाल, निकेश मीणा, लछीराम, कन्हैयालाल, गणपत लाल, गलबाराम, प्रताप, कासमखां आदि मौजूद रहे।

परोपकार संस्थान ने 101 पौधों का रोपण किया

परोपकार संस्था ने श्रावण उत्सव के तहत बी.एस.एफ. ट्रेनिंग सेंटर दईजर में 101 पौधे लगाए।

जोधपुर, (कासं)। परोपकार संस्था ने श्रावण उत्सव के तहत बी.एस.एफ. ट्रेनिंग सेंटर दईजर में 101 पौधों का पौधा रोपण किया।

सेन्टर प्रभारी अशोक के साथ परोपकार संस्था के अध्यक्ष कमल ठाकुर, सचिव विधूशेखर दवे, कोषाध्यक्ष व अध्यक्ष महामंदिर समाज कैलाश श्रीमाली, दुष्यंत जोशी, श्रीमति राजकुमारी दवे, ललित शर्मा, सतूभाई बोहरा, ओमप्रकाश दवे, माधव जोशी, नरेन्द्र त्रिवेदी आदि सहभागी रहे।

जलदाय मंत्री नंदगांव पहुंचे

रेवदर, (निसं)। श्रीगोधाम महातीर्थ पथमेडा की शाखा श्री मनोरमा गोलोक नंदगांव केसुआं में गोऋषि स्वामी दत्तशरणानन्दजी महाराज के सानिध्य में चल रहे श्री गोकरुणा चातुर्मास आराधना महोत्सव में दसवें दिन वेदलक्षणा गोमहिमा श्रीभरत चरित्र कथा में हजारों गोभक्तों को संबोधित करते हुए वृंदावन के मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास महाराज ने अपने श्रीमुख से श्री भरत के चरित्र का विस्तृत और मर्मस्पर्शी वर्णन किया।

वहीं जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नंदगांव पहुंचने पर स्वागत किया। इसके बाद चौधरी ने नंदगांव परिक्रमा कर गो पूजन कर सूरजकुंड के महाराज अवधेश चैतन्य से आशीर्वाद लिया, तो वहीं 121 दंडी स्वामी संतो के भी दर्शन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वेदलक्षण गोमहिमा श्रीभरत चरित्र कथा का आनंद लिया। चौधरी ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर गोऋषि स्वामी दत्तशरणानन्द महाराज व मलूक पीठाधीश्वर से आशिर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि नंदगांव गोसेवा का बहुत उत्तम स्थान है। मैं गोसेवा के प्रत्येक कार्य को पूरा करने में सहयोग करूंगा।

इस अवसर पर महामंत्री अर्जुनसिंह तिवरी, प्रधान सचिव धनराज चौधरी, सीईओ आलोक सिंहल, मैनेजिंग ट्रस्टी ब्रह्मदत्त पुरोहित, मैनेजिंग ट्रस्टी अंबालालाल सुधार, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग, कैलाश राजपुरोहित उदयपुर, वरिष्ठ ट्रस्टी मूलाराम पुरोहित, वरिष्ठ ट्रस्टी अनिल अग्रवाल, हंसराज सनवाडा, मोहन भाई जाधव डीसा, राजेंद्र छाबा, मदरूपसिंह बोरली, वरिष्ठ न्यासी मेघराज मोदी, एरिया मैनेजर हुकुम सिंह सहित हजारों गोभक्त मौजूद रहे।

25 बीघा जमीन से अतिक्रमण हटाया



जोधपुर विकास प्राधिकरण के दस्ते ने ग्राम दईजर के खसरा सं. 105 में प्राधिकरण की भूमि पर से अतिक्रमणों को हटवाया।

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण ने आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार नियमित रूप से जोनवार मौका निरीक्षण कर अवैध निर्माणों एवं अत्रिमणों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी्म में जेडीए दस्तेने ग्राम दईजर के खसरा सं. 105 में प्राधिकरण की भूमि पर किए गए अवैध अत्रिमणों को हटवाया।

प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत ने बताया कि प्राधिकृत अधिकारी जोन 06 के निर्देशन में पटवारी प्रहलाद सिंह चौहान मय जेडीए दस्तेने गत कार्यालय दिवस में दईजरा ख.सं. 105 के मौका निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण की भूमि पर अवैध एवं अनाधिकृत रूप से फाचरों की दीवार, कच्चे-पक्के ढालियें, अस्थाई निवास, ट्यूबवेल व सोलर प्लेट्स लगाकर लगभग 25 बीघा में अत्रिमण किया हुआ पाया। दस्तेने मौके पर कार्यवाही करते हुए अप्रार्थीगण को प्राधिकरण अधिनियम की धारा 67 के तहत नोटिस जारी कर एवं अप्रार्थीगण का मौके पर समझाईश करते हुए प्राधिकरण की भूमि पर किए गए उक्त अवैध अत्रिमणों को हटवाया।

आर.टी.आई. कार्यकर्ता को कार ने टक्कर मारी

जोधपुर, (कासं)। शहर में गुरुवार दोपहर एक आरटीआई एक्टिविस्ट (कार्यकर्ता) को कार से उड़ाने का मामला सामने आया है।

हमले में वह घायल हो गए हैं, जिसके बाद उनके परिजन उन्हें एमजीएच हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार चल रहा है। इधर एक्टिविस्ट पर हुए हमले होने के स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है, जिसके फुटेज की जांच की जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल पर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार सरदारपुरा क्षेत्र में अशोक ज्वैलर के पास रहने वाले आरटीआई एक्टिविस्ट नंदलाल व्यास गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने घर के बाहर घूम रहे थे। इस दौरान स्पीड में आई एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राईवर कार को लेकर फरार हो गया। हादसे में नंदलाल के पैर पर चोट आई। उनका उपचार महात्मा गांधी हॉस्पिटल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि नंदलाल व्यास आरटीआई के सक्रिय कार्यकर्ता है। उनके द्वारा कई जगह लगाई गई आरटीआई के कारण उनसे काफी लोग रंजिश भी रखते हैं।

नर्सिंग महाविद्यालय जालोर में पौधारोपण किया

जालोर के राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण किया।
फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान सरकार व राजमेस जयपुर से प्राप्त निर्देशानुसार हरियाली तीज के अवसर राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जालोर के नवनिर्मित कैंपस में कार्यालयाध्यक्ष पी.एम.ओ डॉ. पूनम टांक और कॉलेज प्राचार्य डॉ.पवन ओझा ने प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों के साथ मिलकर हरियालों राजस्थान-एक पेड मां के नाम अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत अपने करकमलों से एक एक पेड लगाकर इस अभियान का शुभारंभ किया।

रोटरैक्ट क्लब जालोर युवा जालोर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पर्यावरण सरंक्षण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत सघन वृक्षारोपण के प्रथम चरण में राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जालोर में विभिन्न प्रजातियों के 153 पौधे लगाये गये। प्राचार्य डॉ.ओझा बताया कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ - पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़ - पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। पेड़ -पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें आगे आना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए।

पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

क्रिकेट पर सट्टा लगाते चार लोग गिरफ्तार

- लेपटॉप, मोबाइल व हिसाब-किताब की डायरियां मिली

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट की जिला पश्चिम की स्पेशल टीम और चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक मकान पर देर रात दबिश दी।

मकान में चार लोग क्रिकेट पर सट्टा लगाते पकड़े गए, बुकी को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से 1 लेपटॉप, 2 टेबलेट फोन, 30 मोबाइल, सट्टे के हिसाब की 7 डायरियां, सात बेसिक लैंडलाइन फोन को बरामद किया है। पुलिस को मौकास्थल से नगदी नहीं मिली है।

थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि रात को डीएसटी टीम प्रभारी एसआई मनोज कुमार को मुखबिरी सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के 29 सेक्टर ई में एक मकान में क्रिकेट पर सट्टा लगाया जा रहा है। इस पर पुलिस की टीमों को गठन करते हुए वहां 20-ई में रेड दी गई। पुलिस ने वहां से 1 लेपटॉप,2 टैब,30 मोबाईल,सट्टे के हिसाब की 7 डायरी ,7 बेसिक लैंडलाइन फोन को जब्त किया है।

थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें बुकी रामकिशोर लोहिया के साथ पुरुषोत्तम, शांतिलाल, आसुतोष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में सीएचबी थाने के एएसआई अनिल कुमार,धनाराम, हैड कांस्टेबल प्रहलाद मीणा आदि शामिल रहे।

पाली जिला प्रभारी मंत्री खरा ने 'अपना घर' देखा

नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री जब्बर सिंह खर्रा ने पाली के अपना घर में प्रभुजनों की कुशल क्षेम पूछ कर अपने हाथों से भोजन करवाया।
फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। बेसहारा बीमार व असहाय पीड़ितों के लिए निमित अपना घर आश्रम पाली में आज राजस्थान सरकार के स्वतंत्र प्रभार नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री जब्बर सिंह खर्रा ने आज अवलोकन किया एवं प्रभुजनों की कुशल क्षेम पूछ कर अपने हाथों से भोजन करवाया।

उन्होंने इस अवसर पर उन्होंने प्रभुजनों के शीघ्र स्वास्थ्य होकर अपने परिजनों में शामिल होने की कामना करते हुए शुभकामनाये प्रदान की। इस अवसर पर सेवाभावी पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व नगर परिषद के सभापति महेंद्र बोहरा, प्रधान मंगलराम देवासी,पार्षद किशोर सोमनानी, विकास बुबकिया,अमर चंद बोहरा,त्रिलोक चौधरी,संस्था के कमल गोयल, राजेंद्र मेहता, अमरचंद बलोटा, नेमीचंद अखावत, रमेश सांड, नरेंद्र माछर, अजय लोढ़ा, भंवरलाल पारख, ओमप्रकाश सोलंकी, राजू बन्ना, सुशिल हिंगड़, विकाश मुथा आदि प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

भूखण्डों की ई-नीलामी जारी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार माह जुलाई-दिसम्बर ई-नीलामी कार्य्रम के अन्तर्गत प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के भूखण्डों की भव्य ई-नीलामी की जा रही है। इसी्म में प्राधिकरण ने राज्य कर्मचारी आवासीय योजना ग्राम मोगडा कलां के 03 भूखण्डों का व्रिय किया।

प्राधिकरण सचिव डॉ. हरीतिमा ने बताया कि भूखण्डों की ई-नीलामी से प्राधिकरण को 16 लाख 75 हजार से अधिक की आय प्राप्त हुई। प्राधिकरण को जुलाई-दिसम्बर ई-नीलामी कार्य्रम अनुसार अब तक भूखण्डों की नीलामी से 3 करोड 72 लाख के राजस्व की प्राप्ति होगी। भूखण्डों की ई-नीलामी में 9,100/- रूपए प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें जोधपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि ई-नीलामी के तहत् प्राधिकरण ने 14 अगस्त को राज्य कर्मचारी आवासीय योजना, ग्राम मोगडा कलां के भू.सं. 166, 182, 183, 197 व 203 की नीलामी की जाएगी। उक्त भूखण्डों के लिए आवेदकों से 13 अगस्त प्रातः 11 बजे तक धरोहर राशि जमा करवाकर 14 अगस्त को 12:30 बजे तक ऑनलाईन बोली लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है। इसी प्रकार 16 अगस्त को राज्य कर्मचारी आवासीय योजना, ग्राम मोगडा कलां के भू.सं. 204, 210, 220, 221 व 231 की नीलामी की जाएगी।

बजट घोषणाएं तय समय सीमा में पूर्ण करें : विश्नोई

जालोर, (कासं)। जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने गुरूवार को सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशिक करते हुए कहा कि बजट घोषणाओं के स्वीकृति कार्यों के लिए नियमानुसार भूमि आवंटन व डीपीआर बनाने सहित विभिन्न कार्यों को समय पर पूर्ण करें। उन्होंने विभागवार बजट घोषणा 2024-25 की बिन्दुवार चर्चा करते हुए अब तक की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने बजट घोषणा 2024-25 के तहत जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल कनेक्शन, अमृत 2.0 कार्यक्रम, जालोर शहर में सीवरेज कार्य, भाद्राजून में डिस्कॉम के सहायक अभियंता कार्यालय की स्थापना, भीनमाल चिकित्सालय का उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, हरजी-पचानवा, पादरली-तखतगढ़ व कवराड़ा नदी पर पुल बनाये जाने, एनएच-325 से बिठुड़ा-चांदराई सड़क निर्माण व जालोर से झालावाड़ (402 किमी) ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की डीपीआर बनाने, वोकल फॉर लोकल के तहत "वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट" पॉलिसी के अंतर्गत स्थानीय उत्पाद मोजड़ी को बढ़ावा देने, आहोर महाविद्यालय को पीजी में क्रमोन्नत कर नवीन संकाय खोलने, जसवंतपुरा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं पोषाणा में जनजाति बालिका छात्रावास खोलने, भूति पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करने, नोरवा उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने, भाद्राजून में सहायक अभियंता विद्युत कार्यालय खोलने एवं सायला को नगरीय इकाई में गठन के संबंध में की गई घोषणाओं के संबंध में प्रगति को लेकर बिन्दुवार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जालोर जिले के लिए की गई बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए विभागीय अधिकारी योजनाबद्ध रूप से कार्य करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के उपरांत संभागीय आयुक्त ने पंचायत समिति परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा व जिला कलक्टर पूजा पार्थ ने जिले की विभिन्न विभागों की बजट घोषणा 2024-25 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अब तक हुई प्रगति के संबंध में जानकारी दी।

आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला प्रमुख राजेश कुमार, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, विद्युत विभाग के एसई पी.एस.राठौड़, सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई चतुर्भुज खुड़ीवाल, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता श्यामबिहारी बैरवा व सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती सहित कई जने उपस्थित रहे।

वहीं पाली संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने पंचायत समिति सभागार जसवंतपुरा में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर भीनमाल दौलतराम चौधरी, जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीणा, तहसीलदार राम कल्याण मीणा, विकास अधिकारी महेश कुमार, जसवंतपुरा प्रधान विमला चौहान, सरपंच चंपा देवी, पंचायत समिति सदस्य मुकाराम पुरोहित, दौलत सिंह सहित स्थानीय प्रतिनिधि, ब्लॉक स्तरीय आदि उपस्थित रहे।

त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत माह के द्वितीय गुरूवार को जालोर, सायला, आहोर, जसवंतपुरा व भीनमाल उपखण्ड मुख्यालयों पर आमजन से परिवाद प्राप्त किए गए।

जालोर जिले में 882 करोड़ का बजट

जालोर, (कासं)। जालोर के जिला प्रभारी मंत्री के. के. विश्नोई ने गुरूवार को कलैक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि जालोर जिले में बजट घोषणा में लगभग 882 करोड के विकस कार्य करवाये जायेगे।

उन्होने कहा कि पीडब्ल्युडी में 95.15 करोड, पीएचईडी द्वारा जल जीवन मिशन के तहत 577.37 करोड, शिक्षा विभाग द्वारा आवासीय विद्यालय व छात्रावास के लिए 44.5 करोड, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के लिए 60.92 करोड, डिस्कॉम द्वारा 104. 17 करोड के विकास कार्य किये जाने प्रस्तावित है।

वहीं जालोर में सडक, पानी, बिजली, शिक्षा , स्वास्थ्य सहित कई विकास कार्य किये जायेगे। 882 करोड रूपये खर्च करने को लेकर मॉनिटरिंग के प्रश्न पर कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं बजट को खर्च करने को लेकर मॉनिटरिंग कर रहे है।

उन्होंने बताया कि जालोर जिले में पूरा बजट खर्च किया जायेगा। वही जालोर रोहट सडक के प्रश्न पर कहा कि जालोर से रोहट सडक का निर्माण जल्द करवाया जायेगा।

शपथ प्रत्र
(फर्म मे भागीदार बदलने के लिये)
साझेदारी फर्म मैसर्स के.सी.स्टोनेक्स खसरा नम्बर 2615 भीनमाल रोड जालोर। जिसका साझेदारी पंजीयन जिला उधोग केन्द्र जालोर मे पंजीयन क्रंमाक RF/JLR/2017/373 दिनांक 20/12/2017 को किया हुआ है जिसके अधिकत भागीदार श्री हरी सिंह छबरलवाल पुत्र श्री भिवानाराम छबरलवाल शपथ प्रत्र प्रस्तुत कर निवेदन करते है कि- 1.फर्म के भागीदार श्री राजेश खीचर पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह खीचर निवासी गोकुलपुरा जिला-सीकर दिनांक 01/08/2024 को स्वैच्छा से हटाया जाता है। 2. श्रीमती कृष्णा कुमारी पुत्र श्री हरी सिंह निवासी गोकुलपुरा जिला -सीकर 332021 को दिनांक 01/08/2024 से नया भागीदार बनाया जाता है। 3. श्री जितेन्द्र कुमार छबरलवाल पुत्र श्री भिवानाराम छबरवाल ग्राम ठेहठ गोकुलपुरा जिला सीकर-332406 को दिनांक 01/08/2024 से नया भागीदार बनाया जाता है। स्थान जालोर दिनांक -01/08/2024

शपथ प्रत्र
(फर्म मे भागीदार बदलने के लिये)
साझेदारी फर्म मैसर्स के. सी. ग्रेनाईटस खसरा न.6806/2615 जालोर सी. ,भीनमाल रोड जालोर। जिसका साझेदारी पंजीयन जिला उधोग केन्द्र जालोर मे पंजीयन क्रंमाक RF/JLR/2021/4634 दिनांक 24/12/2021 को किया हुआ है जिसके अधिकत भागीदार श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री राजेश कुमार शपथ प्रत्र प्रस्तुत कर निवेदन करती है कि 1.फर्म के भागीदार श्रीमती कृष्णा कुमारी पत्नी श्री हरी सिह निवासी ठेहठ जिला- सीकर दिनांक 01/08/2024 को स्वैच्छा से हटाया जाता है 02. श्री राजेश खीचर पुत्र श्री जोगेन्द्र सिह खीचर निवासी गोकुलपुरा जिला सीकर 332021 को दिनांक 01/08/2024 से नया भागीदार बनाया जाता है। स्थान जालोर दिनांक -01/08/2024

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड
निविदा सूचना
इस कार्यालय की निविदा संख्या – BID No. 3310002406 के अंतर्गत सहायक अभियंता (क्लस्टर) रा.रा.वि.प्र.नि.लि., उमेदपुर के अधीन निरिक्षण कार्य के लिए किराये पर वाहन लगाने हेतु व निविदा संख्या–3310002407 से 132 केवी डबल सर्किट जालोर मान्डवला लाइन लोकेशन नं. 01 से 33 पर रिप्लेसमेन्ट का कार्य करने हेतु अनुभवी पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा अपलोड करने तथा खुलने की दिनांक एवं समय तथा निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग फीस, धरोहर राशि, अनुमानित लागत एवं कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://energy.rajasthan.gov.in/rvpnl और http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। (UBN No. VPN2425SSOB01080, VPN2425WSOB01081)
अधीक्षण अभियन्ता (प्र. व नि.), सिरोही
राज.संवाद/सी/24/3523 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6295/2024